दैनिक भास्कर

अजमेर 23-11-2021

बीजीय मसालों के निर्यात की चुनौतियों पर चर्चा

अजमेर | राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, अजमेर में सोमवार को किसानों की समृद्धि बढ़ाने व उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीजीय मसालों के निर्यात में तेजी लाने की चुनौतियों एवं अवसरों पर विशेषज्ञ परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदम भूषण डॉ. आरएस परोदा, पूर्व महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने की। परिषद के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डॉ. एके सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। संचालन भागमल ने किया। केंद्र के निदेशक डॉ. एसएन सक्सेना ने बीजीय मसालों की समृद्धि में मसाला अनुसंधान केंद्र के योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम हाइब्रिड माध्यम में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. एके सिंह, डॉ. एनके कृष्ण कुमार, डॉ. केवी प्रभु, डॉ. जेएस संधू, डॉ. बीआर चौधरी, डॉ. एमएम अनवर, पूर्व निदेशक केंद्र एवं डॉ. भागीरथ चौधरी ने वर्चुअल मोड से अपने विचार रखे।